सरकार से जवाब मांग रहे हैं जीतू पटवारी

विशेष संवाददाता

भोपाल,05 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतेंद्र पटवारी ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से बच्चों की हुई मौतों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है.

उन्होंने सरकार की घोर लापरवाही और असंवेदनशीलता की निंदा करते हुए तत्काल जवाबदेही तय करने और पारदर्शी जांच की मांग की है. पटवारी ने कहा कि यह घटना सरकार की नाकामी और उदासीन रवैये का उदाहरण है. उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु सरकार ने पहले ही

इस सिरप के एक दूषित बैच को लेकर चेतावनी जारी की थी, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार ने उन चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया. पटवारी ने सवाल उठाया, क्या सरकार को बच्चों की जान लेने का लाइसेंस मिल गया है? उन्होंने कहा कि यदि सरकार में नैतिकता बची है, तो स्वास्थ्य मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए. प्रयोगशाला जांच में सिरप के सैंपल में डायथिलीन ग्लाइकॉल नामक जहरीले तत्व की पुष्टि हुई है, जो गुर्दे को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है. इस खुलासे के बाद कई राज्यों में सिरप की बिक्री पर रोक और जब्ती की कार्रवाई की गई है.

मध्य प्रदेश में भी उत्पाद की बिक्री व वितरण पर रोक लगाई गई है तथा एक विशेष जांच दल गठित किया गया है. पटवारी ने कहा कि यह पता लगाने के लिए उच्चस्तरीय और स्वतंत्र जांच होनी चाहिए कि यह दूषित सिरप बाजार में कैसे पहुंचा और इसमें कौन-कौन अधिकारी व कंपनियां जिम्मेदार हैं. उन्होंने पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को उठाएगी जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती. वहीं राज्य सरकार ने कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और सभी फार्मा स्टॉक्स की दोबारा जांच कराई जाएगी.

जहरीली कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत

छिंदवाड़ा में कथित रूप से ज़हरीली कफ़ सिरप पीने से 11 मासूम बच्चों की मौत के मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है. यह हृदयविदारक और भयावह त्रासदी अब राजनीतिक गलियारों में भी गूंज उठी है. कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की साज़िश करार देते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. कांग्रेस ने कहा कि यह घटना प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है. पार्टी ने मृतक परिवारों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस भीषण दुख की घड़ी में कांग्रेस हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है. कांग्रेस नेता ने बताया कि उनकी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से इस मामले पर विस्तार से चर्चा हुई है. पटवारी सोमवार को छिंदवाड़ा पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात करेंगे और ज़मीनी स्थिति का जायज़ा लेंगे. छिंदवाड़ा जिला कांग्रेस इकाई लगातार पीड़ित परिवारों के संपर्क में है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है. कांग्रेस ने कहा है कि वह इस लड़ाई को अंत तक ले जाएगी और तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक उन नन्हे फ़रिश्तों को न्याय नहीं मिल जाता.

कफ सिरप पर बड़ी सख्ती

जिलेभर की दवा दुकानों पर औचक जांच

बैतूल, 05 अक्टूबर. बैतूल जिले के आमला ब्लॉक के दो गांवों, कलमेश्वरा और जामुन बिछुआ, में दो बच्चों की मौत के मामले ने प्रशासन को सतर्क कर दिया है. हालांकि, जांच में अब तक कफ सिरप से मौत की पुष्टि नहीं हुई है.

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिन दो बच्चों की मौत की सूचना मिली है, उनका इलाज बैतूल जिले में नहीं हुआ था. एक बच्चे की मौत करीब एक सप्ताह पहले, जबकि दूसरे की एक महीने पहले हुई. दोनों मामलों में परिजनों ने न तो प्रशासन को और न ही पुलिस या स्वास्थ्य विभाग को समय पर कोई जानकारी दी थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने जिलेभर की सभी दवा दुकानों पर औचक निरीक्षण करवाया. जांच में कोई भी प्रतिबंधित कफ सिरप नहीं पाया गया. इसके साथ ही जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि बिना डॉक्टर की पर्ची दवा बेचने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा. कलेक्टर ने कहा, जिन बच्चों की मृत्यु की सूचना मिली है, उनका इलाज जिले में नहीं हुआ था और प्रशासन को समय पर जानकारी नहीं दी गई. हमने पूरे जिले में दवा दुकानों की जांच करवाई है, कहीं भी प्रतिबंधित कफ सिरप नहीं मिला है. फिलहाल, बच्चों की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है.

एक नजर में

158 लीटर अवैध शराब के साथ 3 युवकों को पकड़ा

उमरिया. मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में नौरोजाबाद पुलिस ने शनिवार को 158.51 लीटर अवैध शराब के साथ तीन युवकों को हिरासत में लिया. नौरोजाबाद थाना प्रभारी बालेन्दु शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की. इस दौरान 158.51 लीटर अवैध शराब, जिसकी कीमत लगभग 96 हजार 220 रुपए है, बरामद की गई. पुलिस ने इस मामले में धर्मेन्द्र सिंह, अब्दुल वसीम खान और पंकज सिंह को पकड़ने में सफलता हासिल की. पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

मुरैना में कई थाना प्रभारी किए गए इधर से उधर

मुरैना. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए कई थाना प्रभारियों समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं. कल देर रात जारी किए गए स्थानांतरण आदेशों में कई थाना प्रभारियों के तबादले किए गए हैं. बताया गया है कि एक ही थाने में लंबे समय से पदस्थ थाना प्रभारी के प्रभार में फेरबदल के साथ ही पुलिस लाइन में अटैच पुलिसकर्मियों की भी मैदानी पद स्थापना पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई है. पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने सबसे अधिक संवेदनशील अनुभाग के मुख्यालय और आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित थाना प्रभारियों की पदस्थापना पर अधिक फोकस किया.

इंदौर में आरएसएस पथ संचलनों से गूंजा शहर

इंदौर. रविवार को इंदौर शहर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलनों से गुंजायमान हो उठा. भंवरकुआं, चिमनबाग, बंगाली चौराहा और संगम नगर सहित लगभग 34 स्थानों से पथ संचलन निकाले गए, जिनमें दो लाख से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए. प्रत्येक संचलन लगभग 3-4 किलोमीटर लंबा था, जिसमें घोष दल के नेतृत्व में कतारबद्ध स्वयंसेवक चल रहे थे. नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया. अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह अरुण कुमार कनाडिया ने शताब्दी वर्ष का संदेश दिया.

नवंबर में मिलेगा नया यूथ प्रदेश अध्यक्ष

15 लाख फॉर्मों की जांच अंतिम चरण में, पारदर्शी डिजिटल प्रक्रिया से चयन

भोपाल, 05 अक्टूबर. मध्यप्रदेश यूथ कांग्रेस को नवंबर तक नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने की संभावना है. संगठन चुनाव की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है.

जून-जुलाई 2025 में चले सदस्यता एवं वोटिंग अभियान के बाद जमा हुए करीब 15 लाख ऑनलाइन फॉर्मों की जांच (स्क्रूटनी) लगभग पूरी हो चुकी है. सूत्रों के अनुसार, अब तक 4.5 लाख फॉर्म बिना किसी त्रुटि के स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 5 लाख फॉर्मों में मामूली गलतियाँ पाई गई हैं. इन आवेदनों को सुधारने के लिए युवाओं को 10 दिन का समय दिया जाएगा. संबंधित युवाओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर त्रुटियों की सूचना भेजी जाएगी, ताकि वे ऑनलाइन संशोधन कर सकें. वहीं, 5.5 लाख फॉर्म स्क्रूटनी के दौरान रिजेक्ट कर दिए गए हैं, जिनमें से 50 हजार फॉर्म ऐसे थे जिनमें सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया गया था. इस अभियान में सबसे अधिक सदस्यता उज्जैन जिले से दर्ज हुई है, जहाँ 74,000 से अधिक युवाओं ने यूथ कांग्रेस से जुड़ाव दिखाया. भोपाल में 64,000, धार में 55,000, जबकि छिंदवाड़ा में केवल 3,287 और हरदा में मात्र 574 युवाओं ने सदस्यता ली. इंडियन यूथ कांग्रेस के मोबाइल एप के माध्यम से 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने सदस्यता ली थी.

दिल्ली में होगा इंटरव्यू, नवंबर में परिणाम संभावित

प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 18 उम्मीदवार और महासचिव पद के लिए 182 उम्मीदवार मैदान में हैं. स्क्रूटनी के बाद शीर्ष तीन प्रत्याशियों को दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा. इसके बाद नवंबर में नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि यह देश की सबसे पारदर्शी संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया है.

पुलिस से बचने नदी में कूदे युवक की मौत के मामले में दो निलंबित

मुरैना, 05 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की नूराबाद पुलिस द्वारा एक जुआ अड्डे पर मारे गए छापे के दौरान एक युवक के पुलिस की पकड़ से बचने के लिए नदी में कूदने और उसकी मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक ने दो लोगों को निलंबित किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता प्रबल प्रताप सिंह मावई के नेतृत्व में थाने का घेराव कर जुआ अड्डे पर छापे में शामिल थाना प्रभारी सहित एक आरक्षक की लापरवाही से हुई युवक की मौत के जिम्मेदार दोनों पुलिस कर्मियों को हटाने की मांग की थी. इसके बाद पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना के चार दिन बाद थाना प्रभारी अतुल सिंह और आरक्षक भूपेंद्र गुर्जर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं.

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों ने किया ध्वजारोहण

सिरमौर 5 अक्टूबर, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारियों के द्वारा ब्लॉक सिरमौर के अध्यक्ष डॉ डी पी पांडे की मार्गदर्शन पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय भोला प्रसाद पांडे जी के पुत्र श्री गणेश प्रसाद पांडे जी के मकान वार्ड 09मे ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया समय 10. 10 पर किया गया तत्पश्चात स्वर्गीय भोला प्रसाद पांडे जी केप्रतिमा पर पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके बाद विशेष बैठक का आयोजन किया गया.

इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नरेश प्रसाद पांडे जी रहे हैं जबकि अध्यक्षता डॉक्टर डीपी पांडे जी ने किया इस बैठक में विशेष महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए एवं ज्यादा से ज्यादा. लोगो को. संगठन के सम्बन्ध मे जागरूक कर जोड़ा जाय शासन के द्वारा कार्ड दिया जाय,बैठक की जानकारी शासन एवं प्रसाशन तक पहुंचाई जाय आदि. कई मतत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कार्यक्रम सफल संचालन गोविन्द पाण्डेय नें किया उदय प्रकाश पांडे संतोष कुमार पांडे अमित श्रीवास्तव गोविंद प्रसाद पांडे अजय कुमार पांडे तरुण शेखर पांडे भास्कर पांडे शैलेंद्र ध्वज पांडे सतीश कुमार चतुर्वेदी रोनी प्रसाद पांडे नरेश प्रसाद पांडे डॉक्टर डीपी पांडे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रांतीय मुख्य महासचिव एवं ब्यूरो चीफ मध्य प्रदेश बीरेंद्र प्रसाद मिश्र आदि कई लोग उपस्थित रहे

दो एनटीपीसी कर्मियों के साथ मारपीट एवं लूटपाट

पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपी पहुंचे जेल, लूट के कैश, मोबाईल जप्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 अक्टूबर। एनटीपीसी विंध्यनगर के प्लांट 4-स्टेज में ड्यूटी के दौरान तीन अज्ञात बदमाशों ने दो एनटीपीसी कर्मियों के साथ मारपीट एवं जाने से मारने की धमकी देते हुये मोबाईल लूट कर 11 हजार रूपये फोन-पे पर से ट्रांसफर करने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है।

यह घटना 3 अक्टूबर की रात 3 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और पुलिस टीम ने तीन आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने में सफल रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी इन्दजीत कुशवाहा पिता स्व. रघुनंदन कुशवाहा उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम बनौली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 अक्टूबर को रात्रि करीबन 3 बजे अपने साथी हरेन्द्र कुमार सिंह के साथ एनटीपीसी प्लांट के स्टेज 4 में ड्यूटी कर रहा था, तभी अज्ञात 3 लोग आये और इसको डरा धमकाकर पैसा मागने लगे, यह पैसे देने से मना किया तो मारपीट किए और इसका मोबाइल जबरन छुड़ा लिए । यह देखकर जब इनका साथी हरेन्द्र कुमार बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट करने लगे और उसका भी मोबाइल लूट लिए और साथी हरेन्द्र कुमार से बोले कि तुम अपने मोबाइल का पिन बताओ नहीं तो जान से मारकर खत्म कर देंगे, तब वह डर के मारे अपना मोबाइल का पिन बता दिया, जिससे उसके फोन-पे के माध्यम से 11 हजार रूपए ट्रांसफर कर लिए और वो लोग दोनों मोबाइल छीनकर भाग गए ।

मारपीट से चोट आई हैं, फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना विन्ध्यनगर में अपराध धारा 309(6)बीएनएस पंजीबद्ध की गई । उपरोक्त घटना की सूचना थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी विन्ध्यगर के अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया । इधर आरोपियों को गिरफ्तार कर उक्त कार्रवाई में उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि रमेश प्रजापति, प्रआर पंकज सिंह, बृजेश सिंह, आर भोले लोधी, अशोक कुशवाहा, राहुल खजूरिया, प्रताप कुमार की सराहनीय भूमिका रही ।

हुलिया के आधार पर धराए तीनों आरोपी

पुलिस के अनुसार फरियादी द्वारा बताये गये हुलिया एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पतासाजी की गई, जिसके फलस्वरूप मामले के तीनों अज्ञात आरोपीगण विष्णु विश्वकर्मा उर्फ भगदू पिता रामू विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी दुर्गा मण्डप, सिम्पलेक्स कॉलोनी, आशीष साकेत उर्फ बिरंचू पिता दिनेश साकेत उम्र 18 वर्ष निवासी पड़री राजाटोला , हाल 10 नंबर पुलिया के पास बलिया नाला एवं आशीष रजक पिता सीताराम रजक उम्र 19 वर्ष निवासी सरना थाना रघुनाथनगर जिला बलरामपुर को पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर दस्तयाब कर पूछताछ की गई, जो उपरोक्त घटना को घटित करना स्वीकार किये, जिनके पास से लूटा गया पैसा 10 हजार रुपये नगद व दो मोबाईल फोन कीमती लगभग 30 हजार रुपये के जप्त किया गया । बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय बैढ़न के समक्ष ज्यूडीशियल रिमाण्ड पर पेश किया गया है ।

तमिलनाडु डकैती का पुलिस ने किया खुलासा

भोपाल/ बड़वानी, 05 अक्टूबर. इंदौर ग्रामीण जोन के निर्देश पर बड़वानी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है.

बड़वानी और तमिलनाडु पुलिस की संयुक्त टीम ने त्रिची ज़िले के समयपुरा थाना क्षेत्र में हुई 10 करोड़ रुपए की डकैती का खुलासा किया है. टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में सोने के जेवर, बिस्किट और नगदी बरामद की है.

13 सितंबर 2025 की रात को त्रिची ज़िले के समयपुरा में फरियादी गुणावण्या पिता सुरेश निवासी चेन्नई से सात आरोपियों — बनाराम, कैलाश, हनुमान, मनीष, सोहेल खान, माँगिलाल और विक्रम ने देशी पिस्टल की दम पर लगभग 10 किलो सोना लूट लिया था, जिसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपए है. सूचना मिलने पर बड़वानी पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर और एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई.

चोरी के शक में एक युवक की दनादन पिटाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 अक्टूबर। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के माजन मोड़ में आज दिन रविवार को चोरी के शक में आधा दर्जन लोगों ने एक युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि नवभातर नही करता है।

वहीं घटना आज दोपहर तकरीबन 3:30 बजे की बताई जा रही है। पीटने के बाद आरोपियों ने युवक को पकड़ कर अपने साथ ले गए, हालांकि इस मामले में अब तक कोतवाली थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है। घटना के संबंध में एक स्थानीय युवक ने बताया कि पीटने वाले लोग यह जरूर बोल रहे थे कि इसको हम कई दिनों से ढूंढ रहे थे, कलेक्ट्रेट के पास हार्डवेयर की दुकान से इस लड़के ने एंगल चोरी किया था और सीसीटीव्ही फुटेज में इसका चेहरा कई लोगों ने पहचान लिया था, आज यह मिला है, इसी बात को बोलते हुए आरोपियों ने युवक की पिटाई की है। मामले में जब बैढ़न थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार से बात की गई तो उनका कहना था कि अभी इस संबंध में कोई शिकायत थाने नहीं आई है। वीडिया संज्ञान में आया है। जांच के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

सोन नदी पुल से वृद्धा ने लगाई छलांग

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अक्टूबर, अमिलिया थाना अंतर्गत सोन नदी के जोगदहा पुल से आज दोपहर एक 65 वर्षीय वृद्धा ने नीचे छलांग लगा दी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सोन नदी पुरानी पुल से एक महिला नीचें सोन नदी में कूद गयी है तथा जीवित अवस्था में बचानें के लियें चिल्ला रही है।

सूचना प्राप्त होनें तत्काल अमिलिया थाना पुलिस व 112 वाहन मौके पर पहुंचें जहां पर महिला सोन नदी की धार में एक पत्थर के सहारें बैठी हुई थी जिसे वहां के स्थानीय गोताखोर रामनरेश केवट निवासी अतरैला की मदद से बाहर नयी पुल के पास सुरक्षित रखवाया गया तथा उसके पश्चात 112 वाहन के स्ट्रेचर व रस्सी की मदद से पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से रस्सी और स्ट्रेचर के सहारें महिला को ऊपर पुल में तत्काल सुरक्षित निकालकर उसे एम्बुलेन्स की मदद से इलाज हेतु अमिलिया हास्पिटल भिजवाया गया । पुल के नीचें गिरनें से महिला को एक हाथ में, कमर में, पैर में चोट आयी है। महिला की पहचान छोटी साकेत पति स्व. धनपत साकेत उम्र लगभग 65 साल निवासी ग्राम बल्हया थाना अमिलिया के रूप में हुई है। महिला को चोट होनें के कारण उसे हास्पिटल में भर्ती कराया गया तथा वह ज्यादा बोल चाल नही पा रही है, जिससे उसके नदी में गिरनें अथवा कूदनें के संबंध में पूछताछ नहीं हो सकी है। महिला के स्वस्थ्य होनें के उपरांत पूछताछ कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।महिला को सुरक्षित निकालनें व समय पर जान बचानें में स्थानीय तैराक रामनरेश केवट निवासीअतरैला व थाना अमिलिया से निरीक्षक आरके बैस, प्रआर आरक्षक लोकेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, आरक्षक संदीप चौबें, दीपेन्द्र कुमार, 112 में तैनात आरक्षक शुभेन्दु पांडें व थाना बहरी के सउनि संतोष बैस, आरक्षक नंदलाल की भूमिका रही।

सेवा प्रदाता ने सब रजिस्टार को भेजा विधिक नोटिस

सब रजिस्टार की बढ़ सकती हैं मुश्किले, विधिक नोटिस की म्यादी 30 दिवस

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 अक्टूबर। उप पंजीयक सिंगरौली की लगातार मुश्किले बढ़ती जा रही हैं। इस बार एक सेवा प्रदाता ने अधिवक्ता सीके सिंह चंदेल के जरिये विधिक नोटिस भेज कर विभाग में हड़कंप मचा दिया है। विधिक नोटिस म्यादी 30 दिवस तय की गई है। वहीं पहली बार किसी भी सेवा प्रदाता ने उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार के खिलाफ मुखर हुआ है।

दरअसल सेवा प्रदाता अंकित प्रसाद दुबे ने अधिवक्ता सीके सिंह चंदेल जिला न्यायालय बैढ़न के माध्यम से उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार को विधिक

नोटिस भेजा गया है। नोटिस में इस बात का जिक्र है कि पिछले कुछ महीने से एक विशेष सेवा प्रदाता सुनील कुमार सिंह चौहान से व्यक्तिगत लगाव हो चुका है तथा उनके द्वारा प्रस्तुत वैध एवं अवैध दस्तावेजों का सब रजिस्टार के द्वारा पंजीयन धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि अन्य सेवा प्रदाता खासकर पक्षकार अंकित प्रसाद दुबे को अनावश्यक रूप से झूठा आरोप लगाकर परेशान किया जाता है। अधिवक्ता ने नोटिस में आगे लिखा है कि मेरे पक्षकार द्वारा जो कोई भी दस्तावेज पंजीयन बावत सब रजिस्टार के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है तो उसमें सब रजिस्टार कभी स्टाम्प की कमी होने का तो कभी पंजीयन के गाइडलाईन का पालन न करने का आरोप लगाकर अकारण दस्तावेज लौटा दिया जाता है। सब रजिस्टार के इस कृत्य से पक्षकार अंकित प्रसाद परेशान एवं हैरान हो चुका है। अधिवक्ता ने छः बिन्दुओं से संबंधित विधिक नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। इधर यहां बताते चले कि पहली बार सब रजिस्टार अशोक सिंह परिहार के खिलाफ सेवा प्रदाता ने उनके कृत्यों से परेशान होकर मुखर हुआ है। साथ ही सेवा प्रदाता अंकित ने अधिवक्ता के माध्यम से विधिक नोटिस भेज कर उप पंजीयक के कृत्यों को उजागर कर मुश्किले बढ़ा दिया है। अब देखना है कि उक्त नोटिस का जवाब सब रजिस्टार देकर माफी नामा मांगते हैं या फिर बात आगे बढ़ेगी, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने किया अशोक स्तंभ का अनावरण

मुरैना, 5 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के मुरैना जिला मुख्यालय स्थित पुराने बस स्टैंड पर आज रविवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अशोक स्तंभ का अनावरण किया.

इस स्तंभ का निर्माण मुरैना नगर पालिक निगम द्वारा कराया गया है. कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की महापौर सारदा सोलंकी ने मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अतिथियों के गले में पटका पहनाकर सम्मान किया. इसी बीच जब कलेक्टर लोकेश रामचंद्र जांगिड़ के गले के लिए पटका कम पड़ गया, तो विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने तुरंत अपना पटका निकालकर महापौर सोलंकी को दिया.

विस अध्यक्ष ने खुद का पटका कलेक्टर के गले में डाला

इसके बाद महापौर ने वह पटका कलेक्टर के गले में पहनाकर गुलदस्ता भेंट किया और उनका अभिनंदन किया.

सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन का लोकार्पण

सागर, 5 अक्टूबर. अब सागर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) में सीटी स्कैन और एमआरआई की जांच कराने के लिए भोपाल या जबलपुर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी. यह सभी जांचें अब बीएमसी में उपलब्ध होंगी. इस अवसर पर मुख्य अतिथि, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि डॉक्टरों को ईमानदारी और लगन के साथ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें बेहतर उपचार प्रदान करना चाहिए. उन्होंने कहा कि बीएमसी की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सरकार के माध्यम से सुधार हो रहा है और ये अत्याधुनिक मशीनें पूरे बुंदेलखंड के लिए वरदान साबित होंगी.

प्रारूप जी-4/8-4

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1992 को नियम 49-ग (3) के अंतर्गत कार्यालग रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विपणन सहकारी समिति मर्या नागौद, जिला-सतना म0प्र0)

पंजीयन क्रमांक 5 दिनांक-19.02.1960

क्र/निर्वा/2025/01 दिनांक-04.10.2025

।। प्रथम सदस्यता सूची के प्रकाशन की सूचना ।।

मुझे मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्र/सह नि.प्रा./ निर्वाचन-2/2025/4649 दिनांक-04.10.2005 के द्वारा **विपणन सहकारी समिति मर्या0 नागौद जिला सतना म.प्र** के संचालक मण्डल के सदस्यों तथा अन्य सहकारी समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अतः मैं आशीष अवस्थी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विपणन सहकारी समिति मर्या0 नागौद जिला सतना म.प्र. एवम् द्वारा म.प्र सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम के 49 (ग) (05) के अनुसार उक्त सोसाइटी में होने वाले निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची प्रकाशित करता हूँ। तथा सूचित करता हूं कि इस सूची के संबंध में यदि किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के संस्था विपणन सहकारी समिति नागौद में अथवा मुझे कार्यालयीन समय में कार्यालय उपायुक्त सहकारिता सतना में दिनांक-11.10 2025 के भीतर लिखित में आपत्ति मुझे प्रस्तुत कर सकते है।

प्रकाशित सदस्ता सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनाक 12.10.2025 समय 12.00 बजे दिन पर किया जाकर सदस्य सूची को अंतिम सदस्यता / मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जायेगा।

संलग्न सदस्यता सूची (क) खास समितियां अनुक्रमांक 01 से 24 तक, (ख) असाख समितिया - 06, (ग) प्रत्ययुक्त सदस्यो की सूची- 05

स्थान- विपणन सहकारी समिति कार्या. नागौद

(आशीष अवस्थी), रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,
विपणन सहकारी समिति मर्या. नागौद जिला सतना (म.प्र.)